कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./2023–24/373 दिनांक : 08/01/2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोटः–

कृषि विश्वविद्यालय में ''ड्रोन प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम ''

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर एग्रीबिजनेश इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ग्वालियर में नाबार्ड की ग्रामीण आधारभूत संवर्धन निधि (आर.आई.पी.एफ.) के अंतर्गत ड्रोन तकनीकी के संबंध में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों एवं कृषकों को ड्रोन तकनीकी को आगे बढाने एवं इसके प्राथमिक उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही कृषकों को नाबार्ड की योजनाओं एवं उनका लाभ प्राप्त करने के संबंध में बताते हुये विद्यार्थियोंको ड्रोन प्रशिक्षण प्राप्त कर, मास्टर ट्रेनर बनने के लिये सुझाव दिया तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग को बढाने तथा आर्टिफिशियल ड्रोन एप्लीकेशन के महत्व के बारे में बताया।

निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी. सिंह ने कहा कि ड्रोन कृषि क्षेत्र में लाभकारी है, इसके माध्यम से ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जायेगा। उन्होंने किसानों, नये उद्यमियों तथा सीएआईई के इन्क्यूबेटी, विद्यार्थियों द्वारा किये गये नवाचार, नई तकनीकी एवं नयी फसल की किस्में, नये आइडिया इत्यादि को बौद्धिक संपदा अधिकार या पेटेंट कराने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

यह कार्यशाला सीएआईई के नोडल आफीसर डॉ.वाय. डी. मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित की गयी। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों एवं अुनसंधानकर्ता के द्वारा किये गये शोध कार्य को पेटेंट कराकर उसकी सुरक्षा एवं शोषण होने से बचाव के बारे में बताया।

कार्यशाला में ग्वालियर के विभिन्न संस्थानों जैसे कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर आई.टी.एम. यूनिवर्सिटी, ग्वालियर, जीवाजी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर के विद्यार्थीयो एवं सीएआईई के इन्क्यूबेटी ने सहभागिता की। कार्यशाला में निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा, ड्रोन निर्माता कम्पनी, दक्षा अनमेंड सिस्टम, चैन्नई से ड्रोन पायलट श्री नरेश, विशेष वक्ता के रूप में श्री अक्षत अग्रवाल एवं श्री प्रतीक श्रीवास्तव, सीएआईई के इन्क्यूबेटी वर्षा शर्मा, रूपाली दत्त, एवं ललिता कुशवाह, 200 से अधिक एफपीओं समूह, कृषक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।